अर्णव चक्रवात का दूसरे दिन भी रहा असर



सासाराम (आससे)। चक्रवात का असर दूसरे दिन में जारी रहा और दिन भर आसमान में बादल छाए रहे और हल्की बारिश होती रही। चक्रवात के कारण बुधवार की देर रात से ही जो बारिश शुरू हुई है वह शुक्रवार के दोपहर तक जारी रही करीब 40 घंटे से लगातार हल्की बारिश हो रही है बारिश के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई और तापमान 21 डिग्री सेल्सियस के पास पहुंच गया। लगातार दो दिनों से हो रही बारिश से असर जन जीवन पर भी देखने को मिला है बाजार और सड़कों पर आवा गमन बारिश के कारण कम रहा बहुत जरूरत होने के बाद ही लोग घरों से बाहर निकले।

स्कूली बच्चों को भी स्कूल आने-जाने में बारिश के कारण थोड़ी परेशानी हुई वहीं ऑफिस कर्मियों को भी बारिश के कारण ऑफिस आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। शुक्रवार के दिन में कुछ तेज हवाएं जरूर चले लेकिन जैसे चर्चा थी की हवाएं 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलेगी वैसा नहीं हुआ जो जिले के लिए राहत की बात रही जिससे जानमाल या जनधन का कोई नुकसान नहीं हुआ। लगातार बारिश और चले हल्के हवाओं ने धान के फसल को कुछ क्षति जरुर पहुंचा है कई जगह फसले बारिश और हवा के कारण गिर गई है। दो दिलों के पास ठंड का एहसास होने लगा।

पत्नी को गोली मारकर हत्या के आरोप में कोर्ट ने सुनायी उम्रकैद की सजा तथा 20 हजार जुर्माना

डिहरी ऑन सोन (आससे)। रोहतास जिले के नौहट्टा थाना क्षेत्र टीपा गाँव मे पत्नी की गोली मारकर हत्या करने के मामले में अदालत ने पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-XIV, सासाराम की अदालत ने गुरुवार को मामले में दो.षी पंकज सिंह उर्फ पंकज कुमार को उम्रकैद के साथ कुल 20 हजार रुपये अर्थदंड देने का आदेश दिया।

अर्थदंड जमा नहीं करने पर अतिरिक्त साधारण कारावास भी भुगतना होगा। रोहतास पुलिस ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, नौहट्टा थाना कांड संख्या 26/22 में अदालत ने अभियुक्त को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना नहीं देने पर छह माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। वहीं, आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)(ए) के तहत दो साल का कारावास और पांच हजार रुपये जुर्माना तथा धारा 27 के तहत तीन साल का कारावास और पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर संबंधित धाराओं में एक-एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

पुलिस के मुताबिक, सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। घटना 18 फरवरी 2022 की सुबह करीब 5ः30 बजे की है। पुलिस के अनुसार, उस समय मृतका के ससुर नौहट्टा बाजार में थे। तभी उनके बेटे पंकज सिंह ने सूचना दी कि उसने अपनी पत्नी को गोली मार दी है। सूचना मिलने पर जब वे घर पहुंचे तो बहू बिस्तर पर मृत पड़ी थी। उसके सिर से खून बह रहा था और बिस्तर पर भी खून फैला हुआ था। अभियुक्त मौके पर देसी कट्टा लेकर खड़ा था।

इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंकज सिंह को गिरफ्तार किया और घटना में प्रयुक्त देसी कट्टा बरामद कर जब्त कर लिया था। रोहतास पुलिस के अनुसार, जिला अभियोजन पदाधिकारी रमन कुमार के निर्देशन में अनुमंडल अभियोजन पदाधिकारी चंद्रविकाश ने अदालत में अभियोजन पक्ष रखा। मामले में सुनवाई के बाद अदालत ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।



सांप के डंसने से किशोरी की मौत

भभुआ/कैमूर (आससे)। भभुआ थाना क्षेत्र के चांदोरुइया गांव में शुक्रवार की देर रात करैत सांप के डंसने से 13 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। गंभीर हालत में सदर अस्पताल से वाराणसी रेफर किये जाने के बाद परिजन उसे लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी सांसें थम गईं। मृतका की पहचान बीरबल बिंद की पुत्री सुंदरी कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है।मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद सुंदरी अपने घर के एक कमरे में खाट पर सो रही थी।

इसी दौरान करैत सांप ने उसे डंस लिया। सांप के डंसने का एहसास होने पर किशोरी ने परिजनों को इसकी जानकारी दी। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में परिजन उसे सदर अस्पताल, भभुआ लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने इलाज शुरू किया।

किशोरी की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर वाराणसी जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव को वापस सदर अस्पताल लेकर पहुंचे।बताया जाता है कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और बिना पोस्टमार्टम कराए शव को अंतिम संस्कार के लिए घर ले गए। किशोरी की असमय मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मां-पिता सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग भी इस दुखद घटना से स्तब्ध हैं।

पूर्व मध्य रेल

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रम सं.: 1, **कार्य का नाम एवं स्थान** : झाझा में नवनिर्मित टाइप-IV (02 इकाइयां), टाइप-III (04 इकाइयां), क्वार्टर्स के विद्युतीकरण, ओ.आर.एच. (ORH) में अतिरिक्त कार्य के साथ बिजली आपूर्ति व्यवस्था के संबंध कार्य तथा उप मुख्य बिजली इंजीनियर/ निर्माण/दक्षिण/महेन्द्रूघाट (Dy. CEE/Con/S/MHX) के अंतर्गत किसी अन्य स्थान पर कार्य। e-Tender No. EL/C/S/MHX/ETEN/06/26-27., **क्रम सं.** : 2, **अनुमानित कार्य की लागत**: रू. 92,72,887.75/-, **क्रम सं.** : 3, **जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य** : NIT के अनुसार एवं रू. शून्य, **क्रम सं.** : 4, **कार्य पूर्ण करने का समय** : 12 माह, **क्रम सं.** : 5, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : 18.11.2026 दोपहर 12.00 बजे तक, **क्रम सं.** : 6, **निविदा की उपलब्धता** : वेबसाईट: **www.ireps.gov.in** पर, हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/दक्षिण
पूर्व मध्य रेल, महेंद्रूघाट, पटना
पीआर/1213/कॉन/एस/एमएचएक्स/पटना/वि./टी/26-27/32

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कौशल कुमार कौशिक उर्फ कौशल कौशिक पुत्र स्वर्गीय जगदीश प्रसाद ने हमारे शाखा में व्यापार लोन के लिए आवेदन किया है उन्होंने बैंक को सूचित किया है कि उनका एक निबंधित केवाला जिसका संख्या 2703 दिनांक 27/05/2008 है वो सम्पति पटना जिले से समन्धित है जिसका खाता संख्या 11, खेसरा संख्या 328, मौजा निसरपुरा है। श्री कौशल कौशिक ने इस सम्बंध में नौबतपुर थाना में सनहा भी दर्ज कराया है जिसका SDE नंबर 741/23 दिनांक 22/01/2023 है, अतः जिस किसी व्यक्ति/संस्था/गैर वित्तीय संस्था / सरकारी क्षेत्र के बैंक / निजी बैंक को उक्त बर्निंत सम्पति पर किसी प्रकार का दावा हो या किसी बैंक में बंधक रखा गया हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर अपना आपति/दावा प्रस्तुत करें अन्यथा इसे स्वतन्त्र मानते हुए बंधक रखकर ऋण स्वीकृत करने की अग्रेतर कार्यवाही कर दी जाएगी और तत्पश्चात किसी भी प्रकार का दावा अमान्य समझा जाएगा। इसे अति आवश्यक समझा जाय।

कृपया निम्नलिखित शाखा से संपर्क करें:
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, SME सगुना शाखा, दूसरी मंजिल, ओजोन प्लाजा, RPS मोड़ के पास, बेली रोड के पश्चिम में, पटना-801503,
मोबाइल- 7012958439
ईमेल- sbi.65609@sbi.co.in

पिता की फटकार से नाराज युवती ने खाया जहरीला पदार्थ

भभुआ/कैमूर (आससे)। अधौरा थाना क्षेत्र के चौधरना गांव में पिता की डांट से नाराज होकर 18 वर्षीय युवती ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे आनन-फानन में सदर अस्पताल, भभुआ पहुंचाया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है। युवती की पहचान चौधरना गांव निवासी हीरालाल यादव की पुत्री रीना कुमारी के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में मौजूद परिजनों के अनुसार, किसी बात को लेकर पिता अपनी बेटी से नाराज थे। इसी दौरान उन्होंने रीना को डांट-फटकार लगाई। इससे नाराज होकर युवती ने गुस्से में घर में रखा विषाक्त पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। हालत खराब होते देख परिजन उसे तत्काल सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उसे भर्ती कर उपचार शुरू किया।

डीएम ने किया खेल भवन, व्यायामशाला का निरीक्षण

सासाराम (आससे)। डीएम दीपक कुमार मिश्रा ने खेल भवन, व्यायामशाला बैडमिंटन कोर्ट एवं ओपन जिम का निरीक्षण किया। खेल भवन में उपलब्ध सुविधाओं, खेल गतिविधियों तथा विभिन्न खेल आधारभूत संरचनाओं के संचालन एवं रखरखाव की विस्तृत जानकारी ली

खेल सुविधाओं को बेहतर बनाने का दिया निर्देश

निरीक्षण के दौरान डीएम ने व्यायामशाला एवं बैडमिंटन कोर्ट की वर्तमान स्थिति का जायजा लेते हुए इनके उन्नयन एवं आधुनिकीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं अभ्यास की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिम, बैडमिंटन कोर्ट तथा ओपन जिम की सुविधाओं को और विकसित किया जाए। खेल परिसरों में उपलब्ध उपकरणों एवं अन्य संसाधनों को व्यवस्थित और उपयोगी



बनाए रखने पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

साथ ही उन्होंने जिले के विभिन्न खेलों से जुड़े खिलाड़ियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों, उनकी उपलब्धियों, प्रशिक्षण की व्यवस्था तथा खेल के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी लेते हुए कहा कि स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है, ताकि वे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। जिला खेल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिले में निर्मित सभी खेल आधारभूत संरचनाओं एवं खेल परिसरों से संबंधित समस्याओं और आवश्यकताओं को चिह्नित कर सूचीबद्ध करें। प्रत्येक खेल परिसर में उपलब्ध सुविधाओं, उपकरणों, रखरखाव तथा आवश्यक सुधार से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर प्रस्तुत करें, ताकि समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जा सके। नगर निगम को भी व्यायामशाला एवं ओपन जिम के समुचित रखरखाव, साफ-सफाई तथा उपकरणों के नियमित रखरखाव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने तथा युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने के लिए खेल आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ एवं सुविधायुक्त बनाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त आकांक्षा आनंद एवं जिला खेल पदाधिकारी उपस्थित थे।



एसडीपीओ दाउदनगर ने किया देवकुंड थाना का वार्षिक निरीक्षण

दाउदनगर (औरंगाबाद) (आससे)। दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रभूषण ने शुक्रवार को देवकुंड थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना के हर कोने को बारीकी से खंगाला। खासकर 4 बिंदुओं पर सख्त जांच की गई, जिसमें थाना के सभी अभिलेखों -अपराध पंजी, स्टेशन डायरी और आगंतुक पंजी के संधारण की स्थिति देखी गई।

लंबित कांडों, वारंट, कुर्की और फरार अभियुक्तों की समीक्षा कर जल्द निष्पादन का निर्देश दिया गया। मालखाना, हाजत, शस्त्रागार और सरकारी संपत्ति का भौतिक निरीक्षण किया गया। थाना परिसर की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण का सबसे अहम बिंदु रहा सूखा नशा के विरुद्ध चल रहा विशेष महा - अभियान। एसडीपीओ ने इसे और तेज करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने थानाध्यक्ष को स्पष्ट कहा कि सूखा नशा के धंधे में लिप्त एक-एक व्यक्ति को चिन्हित करें, सटीक खुफिया जानकारी जुटाएं और किसी भी कीमत पर इन्हें बख्शा न जाए। कठोर से कठोर कार्रवाई जरूरी है। महत्वपूर्ण है कि देवकुंड थाना के निरीक्षण के दौरान एसडीपीओ ने सूखा नशा के विरुद्ध जिस तेवर के साथ अपने कनिष्ठों को फरमान जारी किया, उससे यह माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में न सिर्फ देवकुंड थाना क्षेत्र में नशा कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई देखने को मिल सकती है बल्कि अनुमंडल के सभी थाना क्षेत्रों में भी कड़ी कार्रवाई की उम्मीद की जा सकती है। सूखा नशा के विरुद्ध नकेल की मुकम्मल तैयारी चल रही है।



रोहतास में आठ पुलिस अधिकारियों का तबादला, छह थानों में नये थानाध्यक्ष तैनात

डिहरी ऑन सोन (आससे)। रोहतास जिले में पुलिस प्रशासन को चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक एम. राज के आदेश पर आठ पुलिस अवर निरीक्षकों का स्थानांतरण एवं पदस्थापन किया गया है।

इस फेरबदल में छह थानों और ओपी में नए थानाध्यक्षों की तैनाती की गई है। वहीं, दो अधिकारियों को पुलिस केंद्र डेहरी भेजा गया है। रोहतास पुलिस कार्यालय की ओर से गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, डिहरी मु. थाना के थानाध्यक्ष नितेश कुमार को भानस थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। परस्थुआ थानाध्यक्ष अमित कुमार को डिहरी मु. थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। संझौली थानाध्यक्ष पूनम कुमारी को सेमरा ओपी में पदस्थापित किया गया है।

वहीं, भानस थानाध्यक्ष विजय बैठा को पुलिस केंद्र डिहरी भेजा गया है। बिक्रमगंज थाना की अनुसंधान इकाई में तैनात विकास कुमार-01 को संझौली थानाध्यक्ष बनाया गया है। डेहरी नगर की अनुसंधान इकाई में कार्यरत संजय कुमार त्रिपाठी को परस्थुआ थाने की कमान सौंपी गई है। इसी क्रम में यदुनाथपुर थानाध्यक्ष सर्वेश कुमार को अमझोर थानाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि अमझोर थानाध्यक्ष अमित कुमार को पुलिस केंद्र डिहरी में पदस्थापित किया गया है। पुलिस विभाग में हुए इस फेरबदल को जिले की कानून-व्यवस्था और थाना स्तर पर पुलिसिंग के संचालन से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि, स्थानांतरण के संबंध में पुलिस की ओर से जारी विज्ञप्ति में किसी विशेष कारण का उल्लेख नहीं किया गया है।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। 1. **ई. निविदा सं.** : पूमरे-मुप्रअ-नि-द-ईटीएन-05-26-27, **कार्यों के नाम** : सीएओ/सीओएन/महेन्द्रूघाट पटना, निर्माण कार्यालय/दानापुर एवं निर्माण स्टोर (पी.वे एवं कार्य)/दानापुर के कार्यालयों और परिसर का रखरखाव, सुधार और बागवानी।, **अंकलित मूल्य (रु)** : 1,23,97,001.55, **निविदा प्रपत्र का लागत (रु.)** : 0.00, **अग्रधन राशि (रू.)** : 2,48,000/-, **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 24 महीने (730 दिन)। **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : 18.11.2026 at 15.30 बजे। ऐसी ई-निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/ फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। **द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धि-पत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाईट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाईट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण
पू.म.रे. महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/1212/कॉन/एस/एमएचएक्स/पटना/कन्स्ट्र./टी/26-27/44


हिमालयन रॉक सॉल्ट सभी मानकों पर खरा उतरा

सासाराम। सेंधा नमक यानी रॉक सॉल्ट लंबे समय से भारतीय परंपरा का हिस्सा रहा है और आयुर्वेद में इसके प्राकृतिक गुणों के कारण इसे विशेष स्थान दिया गया है। हाल के दिनों में जैसे-जैसे लोग अपने खान-पान को लेकर जागरूक हो रहे हैं, रोजमर्रा के खाने में सेंधा नमक का इस्तेमाल काफी बढ़ गया है। आज बाजार में ढेरों विकल्प मौजूद हैं, ऐसे में किसी भरोसेमंद ब्रांड का चुनाव करना बहुत जरूरी हो जाता है। कंपनी के अधिकारी ने बताया कि हिमालयन रॉक सॉल्ट में पोटैशियम, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे प्राकृतिक मिनरल्स की थोड़ी मात्रा होती है, जो इसे इसकी खास पहचान देते हैं। सेंधा नमक में मौजूद मिनरल्स के कारण इसका रंग प्राकृतिक रूप से अलग-अलग होता है। जब इसे पानी में घोला जाता है और फिल्टर से छाना जाता है, तो नमक घुलकर एक साफ घोल बना लेता है, जबकि न घुलने वाले रंगीन कण यानी प्राकृतिक मिनरल्स फिल्टर पर ही रह जाते हैं। रॉक सॉल्ट की हालिया लैब जांच से यह पुष्टि हुई है कि यह गुणवत्ता और सुरक्षा के सभी मानकों पर पूरी तरह खरा उतरता है। इसमें किसी भी तरह के सिंथेटिक रंगों का इस्तेमाल नहीं किया गया है।

जीयर स्वामी ने डिहरी के विजय राघव मंदिर में हो रहे निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

डिहरी ऑन सोन (आससे)। डिहरी गांधीनगर मोहल्ला स्थित प्रतिष्ठित विजय राघव मंदिर में शुक्रवार को श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य संत परम पूज्य श्रीलक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज का आगमन हुआ.। इस मौके पर लोगों ने स्वामी जी को फूलमाला से स्वागत किया।

स्वामी जी ने विजय राधव मंदिर में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर में आवश्यक डिजाइन और कलाकृति में यथा संभावित संशोधन कर निर्देश दिया.। मौके पर पहुंचे स्थानीय विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।. मौके पर प्रसाद वितरण किया गया. मोहल्ले के लोगों ने स्वामी जी की आरती उतारी. और आर्शीवाद प्राप्त किया.। बता दे.कि यह निरीक्षण और



भ्रमण कार्यक्रम नियमित भ्रमण का अंग है.।

इस क्रम में स्वामी जी ने डेहरी गांधीनगर स्थित विजय राघव मंदिर और टडवां गांव स्थित राम जानकी मंदिर का भी निरीक्षण किया। मौके पर मंदिर के महंत जगतगुरु अयोध्यानाथ स्वामी जी महाराज, शिवाजी सिंह रविन्द्र सिंह, पप्पू सिंह समेत सैकड़ों भक्त मौजूद थे।

आसनसोल - गया एमईएमयू एक्सप्रेस का पुनर्निर्धारण

रखरखाव कार्य के लिए, आसनसोल मंडल के सीतारामपुर स्टेशन लिमिट में अप लाइन पर **दिनांक** 03.11.2026 (मंगलवार) को **04 घंटे (10.15 बजे से 14.15 बजे तक)** ट्रैफिक ब्लॉक की आवश्यकता होगी। इसके फलस्वरूप, 13545 **आसनसोल-गया एमईएमयू एक्सप्रेस** ब्लॉक के दिन 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। असुविधा के लिए खेद है।

मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल
पूर्व रेलवे
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION
RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULCHAK, KAROUNA, JEHANABAD - 804417

Purpose Course: MBA ((Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management

शीघ्र आवश्यकता है

Post	Department	Qualification
Principal	Administration	Ph.D with 10 Year Experience
Assistant Professor/ Professor	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject
HOD	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience
Librarian	Library	B.Lib.Sc / M.Lbi.Sc
Lab Instructor/	-	BCA / DCA
Accountant	Administration	M.Com / B.Com
Office Assistant	Administration	Graduate with Computer Knowledge
Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon)	Administration	Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields

■ एक वयक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। ■ अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर मेल करें। अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी ■

Secretary/Chairman - Divya Prakash
Contact- 9304697359, 9334074905

बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना-800001

विज्ञापन सं.-05/2026 से संबंधित

आवश्यक सूचना

गृह विभाग (आरक्षी शाखा), बिहार, पटना के अधीन बिहार अग्निशमन सेवान्तर्गत उप निदेशक (वरीय पुलिस उपाधीक्षक के समकक्ष) के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु दस्तावेज सत्यापन दिनांक 04.11.2026 को निर्धारित है। विस्तृत दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम आयोग के वेबसाईट **www.bpsc.bihar.gov.in** पर प्रकाशित है।

ह./-
परीक्षा नियंत्रक
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

सबका सम्मान जीवन आसान के तहत डीएम का जनता दरबार

औरंगाबाद (आससे)। जिला पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा द्वारा अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में सात निश्चय-3 अंतर्गत सबका सम्मान जीवन आसान पहल के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया।इस दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब ना हो। जिला पदाधिकारी महोदया ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाए।

आठ वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का आरोप, मौसा गिरफ्तार

भभुआ/कैमूर (आससे)। भभुआ थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तों को शर्मसार करने का मामला सामने आया है। मौसी के घर आई आठ वर्षीय बच्ची के साथ उसके मौसा पर दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। मामले में पुलिस ने पीड़िता की मां के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बच्ची का सदर अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया और गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। भभुआ थानाध्यक्ष अवधेश कुमार के अनुसार, बच्ची 26 अक्टूबर को अपनी मौसी के साथ उसके ससुराल आई थी। इसी दौरान बच्ची को अकेला पाकर उसके मौसा ने कथित तौर पर घटना को अंजाम दिया। जानकारी मिलने पर बच्ची की मां ने मोहनिया थाने में शिकायत की। इसके बाद मामला भभुआ थाने को सौंप दिया गया।